UNIVERSITY NEWS 19 AUGUST 2026

HINDUSTAN

विश्वविद्यालय की अपील, अभ्यर्थी निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी करें

एलयू ने यूजी विधि का दूसरा सीट आवंटन जारी किया

दाखिले की दौड़

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन काउंसलिंग में उपलब्ध सीटों का आवंटन जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय की ओर से बी.बी.ए. एलएल.बी. (इंटीग्रेटेड) के लिए दूसरा सीट आवंटन तथा एलएलबी (इंटीग्रेटेड फाइव ईयर) के लिए सातवां सीट आवंटन जारी किया गया है।

अभ्यर्थी 18 अगस्त को दोपहर 2 बजे के बाद अपने एप्लीकेशन फॉर्म नंबर की सहायता से सीट आवंटन देख सकते हैं। आवंटित सीट को सुरक्षित करने के लिए ऑनलाइन सीट कन्फर्मेशन फीस 20 अगस्त 2026 को सुबह 10 बजे तक जमा करनी होगी। विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर सीट कन्फर्मेशन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। विश्वविद्यालय ने केंद्रीयकृत यूजी एवं पीजी प्रवेश प्रक्रिया में शामिल अभ्यर्थियों के लिए एलयूआरएन अनिवार्य किया है। विश्वविद्यालय की सूचना के अनुसार एलयूआरएन पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 तक बढ़ाई है।

- 18 अगस्त को एप्लीकेशन फॉर्म नंबर से सीट आवंटन देखें
- यूजी एवं पीजी प्रवेश प्रक्रिया में एलयूआरएन अनिवार्य

कला महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता

लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय, ललित कला संकाय में 'नशा मुक्त भारत' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ कला के माध्यम से समाज को नशामुक्ति का संदेश देना रहा। प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी की प्रेरणा से किया गया।

DAINIK JAGRAN

पीजी पाठ्यक्रमों में सीटें आवंटित

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक के 29 विषयों में अलग-अलग चरण का सीट आवंटन मंगलवार को जारी कर दिया है। प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अनित्य गौरव के अनुसार जिन्हें सीट आवंटित हो गई है, उन्हें 19 अगस्त को सुबह 10 बजे तक सीट कंफर्मेशन फीस जमा करनी होगी। उधर, बीबीए एलएलबी (इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय) में दूसरा और एलएलबी इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय में सातवां सीट आवंटन जारी किया है। (जासं)

DAINIK JAGRAN

लवि ने फिर खोला एलयूआरएन पोर्टल

जागरण प्रभाव

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को प्रवेश के लिए अनिवार्य एलयूआरएन पोर्टल को अब 31 अगस्त तक खोलकर कालेजों और अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। अभी तक 15 अगस्त तक समय देने के बाद पोर्टल बंद कर दिया गया था, जिससे नए पंजीकरण नहीं हो पा रहे थे। इसको लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ ने कुलपति को पत्र भेजा था। दैनिक जागरण ने 18 अगस्त के अंक में 'एलयूआरएन पोर्टल बंद, नहीं होंगे नए पंजीकरण' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। मामले का संज्ञान लेकर लवि ने छात्रहित में पोर्टल खोल दिया है।

लुआक्टा महामंत्री डा. अंशु केडिया ने कहा कि इस सुविधा से अब उन अभ्यर्थियों को भी कालेजों में प्रवेश का मौका मिलेगा, जो किसी वजह से अब तक पंजीकरण नहीं पाए हैं। कालेजों को भी सीटों पर प्रवेश का मौका मिलेगा।

I NEXT

'व्हिस्पर्स ऑफ लाइट' में दिखेगी देश की कहानी

एलयू के कॉलेज ऑफ आर्ट्स ने आयोजित छठी ऑल इंडिया फोटोग्राफी प्रदर्शनी शुरू

LUCKNOW: लखनऊ यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ आर्ट्स फोटोग्राफिक सोसाइटी की ओर से आयोजित 'व्हिस्पर्स ऑफ लाइट सीजन 6' ऑल इंडिया फोटोग्राफी प्रदर्शनी मंगलवार को दर्शकों के लिए खोल दी गई. विश्व फोटोग्राफी दिवस के मौके पर बुधवार को प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधायक डॉ. नीरज बोरा, एलयू के कुलपति प्रो. जेपी सैनी की मौजूदगी में होगा.

तीन दिन चलेगी प्रदर्शनी

तीन दिन चलने वाली इस प्रदर्शनी में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए फोटोग्राफरों की 155 से अधिक तस्वीरें लगाई गई हैं. प्रदर्शनी का अनौपचारिक उद्घाटन सोसाइटी के युवा सदस्यों ने प्राचार्य रतन कुमार और कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक अतुल हुंडू, शिक्षकों व दर्शकों की मौजूदगी में किया गया. इस बार प्रदर्शनी भारतीय फोटोजर्नलिज्म के दिग्गज छायाकार रघु राय को समर्पित है. रघु राय को भारतीय फोटोजर्नलिज्म के प्रमुख स्तंभों में गिना जाता है. प्रदर्शनी में 80 से अधिक प्रतिभागियों की तस्वीरें शामिल हैं, जिनमें 43 ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें हैं.

NBT

कोर्स की हर यूनिट पढ़ेंगे तभी होंगे पास

LU बदलने जा रहा परीक्षा का पूरा पैटर्न : अब यूनिट वाइज आएगा यूजी-पीजी का पेपर, हर यूनिट से सवाल हल करना होगा अनिवार्य

Zeeshan.Rayini@timesofindia.com

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में कोर्सों के स्ट्रक्चर को बदलने के बाद अब परीक्षा प्रणाली में व्यापक बदलाव की तैयारी शुरू हो गई है। इसके तहत विवि आगामी परीक्षाओं से प्रश्न पत्र के पैटर्न को पूरी तरह बदलने जा रहा है। यूजी और पीजी दोनों ही परीक्षाओं में यूनिट वाइज सवाल पूछे जाएंगे। ऐसे में छात्रों को प्रश्नपत्र हल करने के लिए हर यूनिट को कवर करना जरूरी होगा। बिना हर यूनिट हल किए छात्र पूरा पेपर हल नहीं कर पाएंगे। विवि की ओर से इसके लिए एक कमिटी का गठन किया गया है जो इस पर काम कर रही है। इसके अलावा कई अन्य बदलावों पर भी काम किया जा रहा है।

विवि में वर्तमान में पांच सौ से अधिक कॉलेज हैं, जिसमें चार लाख से अधिक छात्र पढ़ रहे हैं। इस नए फैसले का प्रभाव उन सभी छात्रों पर पड़ेगा। मौजूदा परीक्षा पैटर्न के तहत दस सवाल पूछे जाते हैं, जिसमें से कोई भी पांच सवाल छात्र हल कर सकते हैं। इसमें कई बार एक यूनिट से दो से तीन सवाल भी आ जाते हैं। ऐसे में छात्र चाहे तो एक ही यूनिट के तीनों सवाल हल कर पांच सवाल पूरे कर सकते हैं। जबकि नए पैटर्न के तहत पहले सवाल के रूप में शॉर्ट आंसर टाइप सवाल पूछे जाएंगे जबकि बाकी चार साल यूनिट वाइज आएंगे, यानी हर यूनिट से दो दो सवाल। उसमें छात्रों के पास हर यूनिट का सवाल हर करना अनिवार्य होगा। अगर किसी यूनिट के दोनों सवाल छात्रों को आते हैं तो भी वह एक ही हल कर सकेंगे या किसी यूनिट के दोनो सवाल नहीं आते तो छात्रों को उस सवाल को छोड़ना पड़ेगा। जिससे उनके नंबर कटेंगे। इससे अब छात्रों को पूरा सिलेबस पढ़ना पड़ेगा। इसके बिना कोई भी छात्र पूरा पेपर हल नहीं कर सकेगा।



AI Images

पढ़ाई के स्टैंडर्ड को सुधारने की कवायद

विवि में अब पढ़ाई के स्टैंडर्ड को सुधारने की कवायद शुरू कर दी गई है। पहले विवि में यूनिट वाइज ही सवाल पूछे जाते थे, लेकिन छात्रों को राहत देने के लिए उसे बंद कर दिया गया। वही वीसी प्रो. आलोक राय के समय में यूजी के पेपर का समय भी घटाकर तीन से दो घंटे कर दिया गया था। इसके चलते यूजी का सिलेबस भी घटा दिया गया था। ऐसे में बीए में आधा अधूरा सिलेबस पढ़कर भी छात्र पूरा पेपर आसानी से हल कर लेते हैं। इससे अंक तो बेहतर आ रहे हैं लेकिन पढ़ाई की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए विवि की ओर से अब पढ़ाई की गुणवत्ता को सुधारा जा रहा है। परीक्षा में यह पैटर्न लागू होने के बाद अब कॉलेजों को भी पढ़ाई को बेहतर करना होगा तभी छात्र परफॉर्म कर पाएंगे।

प्रवेश, पाठ्यक्रम के बाद अगला चरण परीक्षा है, जिसमें विवि रीफॉर्म कर रहा है। इसका उद्देश्य पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाना है जिसका सीधा फायदा छात्रों को मिलेगा।

- प्रो. जेपी सैनी, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय

AMRIT VICHAR

विधि के दो पाठ्यक्रमों का सीट आवंटन जारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक प्रवेश सत्र 2026-27 के तहत ऑनलाइन काउंसलिंग में उपलब्ध सीटों के सापेक्ष दो एकीकृत विधि पाठ्यक्रमों का सीट आवंटन परिणाम जारी कर दिया गया है। सीटों का आवंटन अभ्यर्थियों की मेरिट के आधार पर किया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार एकीकृत पांच वर्षीय बीबीए-एलएलबी पाठ्यक्रम का दूसरा सीट आवंटन तथा एकीकृत पांच वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम का सातवां सीट आवंटन जारी किया गया है। अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र संख्या की सहायता से लॉगिन कर सीट आवंटन की स्थिति देख सकते हैं। अभ्यर्थियों को सीट कन्फर्मेशन शुल्क 20 अगस्त को पूर्वाह्न 10 बजे तक ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है।

AMRIT VICHAR

परास्नातक में सीट आवंटन जारी, आज जमा होगी फीस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक प्रवेश सत्र 2026-27 के तहत विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन काउंसलिंग के अंतर्गत उपलब्ध सीटों के सापेक्ष सीट आवंटन का परिणाम जारी कर दिया गया। अभ्यर्थी अपने लॉगिन आईडी के माध्यम से सीट आवंटन की जानकारी देख सकते हैं। विश्वविद्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, मानवशास्त्र, जैव प्रौद्योगिकी, गणित, सांख्यिकी, रसायन विज्ञान, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, मध्यकालीन एवं आधुनिक भारतीय इतिहास, भूगोल, समाजशास्त्र, अरबताल प्रशासन, प्राणी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, मनोविज्ञान, व्यवसाय प्रबंधन, व्यवसाय प्रबंधन (पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन) की आवेदन सूची मंगलवार को जारी कर दी गई।

इसके अलावा तीन वर्षीय विधि स्नातक, हिंदी, पत्रकारिता एवं जनसंचार, सामाजिक कार्य, फोरेंसिक विज्ञान, खाद्य प्रसंस्करण एवं खाद्य प्रौद्योगिकी, भूविज्ञान, वाणिज्य, अनुप्रयुक्त अर्थशास्त्र, भौतिक विज्ञान तथा शारीरिक शिक्षा सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए सीट आवंटन जारी किया गया है। इन पाठ्यक्रमों में अलग-अलग चरणों के तहत पांचवां, चौथा, तीसरा, दूसरा और पहला सीट आवंटन किया गया है। सीटों का आवंटन अभ्यर्थियों की मेरिट के आधार पर किया गया है।

AMRIT VICHAR

महाविद्यालयों में प्रवेश का रास्ता खुला

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय सत्र 2026-27 की केन्द्रीयकृत स्नातक व परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय रजिस्ट्रेशन नंबर (लर्न) की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी गई है। महाविद्यालयों में आर्ड-अधूरे प्रवेश को लेकर लुआक्टा ने कुलपति से विरोध जताया था। जिसके बाद लखनऊ विश्वविद्यालय ने लर्न को फिर से प्रवेश के लिए खोल दिया है। लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए लर्न पर पंजीकरण अनिवार्य है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर समर्थ पोर्टल का लिंक लर्न पर पंजीकरण के लिए उपलब्ध है, जिसके माध्यम से विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

TOI

LU prof pens anthem of degree college

Lucknow: Lucknow University's senior professor, **R P Singh** has penned the first-ever college anthem of Shashi Bhushan Balika Vidyalaya Degree College (SBBVDC), which was formally approved during the institution's prize day celebration on Tuesday.

RP Singh is a senior professor in the department of English.

He wrote the anthem reflecting the college's traditions, aspirations of its students and its emphasis on education, values, women's empowerment and nation-building. College principal Prof Anjum Islam said the anthem would give students a sense of belonging and inspire them to follow the path of education, values and service to the nation. TNN

AMRIT VICHAR

आर्ट्स कालेज में पोस्टर प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी।

आर्ट्स कालेज में ड्रग फ्री इंडिया विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता

अमृत विचार, लखनऊ : कला एवं शिल्प महाविद्यालय में ड्रग फ्री इंडिया विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ललित कला विभाग के प्रधानाचार्य एवं अध्यक्ष आचार्य डॉ. रतन कुमार तथा आचार्य आलोक कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कलाकार अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विद्यार्थियों को नशे से होने वाले सामाजिक एवं व्यक्तिगत नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करने और भारत को नशामुक्त बनाने में कला के सकारात्मक पक्षों पर प्रकाश डाला।

AMAR UJALA

शशि भूषण बालिका डिग्री कॉलेज को मिला कुलगीत

लखनऊ। हुसैनगंज स्थित शशि भूषण बालिका विद्यालय डिग्री कॉलेज के कुलगीत को औपचारिक स्वीकृति मिली। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आरपी सिंह ने इसे रचा, जिसे डॉ. दीक्षा शर्मा ने स्वरबद्ध किया। यह स्वीकृति मंगलवार को प्राइज डे सेलिब्रेशन व कल्चरल प्रोग्राम के दौरान डिग्री कॉलेज के प्रबंधतंत्र ने दी। प्राचार्या अंजुम इस्लाम ने कहा कि कुलगीत छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। अतिथियों अतिथि सुशील तिवारी पम्मी, अनिल बाजपेई, सेवानिवृत्त आईपीएस सूर्य कुमार शुक्ला, अजय त्रिपाठी ने बीए की राधिका, शिखा, रितिका, शगुन, अंजलि और बीकॉम की साहिस्ता, खातून, मंजू यादव, कल्चरल क्लब से राधिका अनुष्का, अंजलि, स्वालिहा, इकरा और छवि पांडेय को सम्मानित किया। विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने पर खिलाड़ियों को सम्मान मिला। (संवाद)

लविवि : पीजी प्रवेश में सीट आवंटन जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक (पीजी) प्रवेश सत्र 2026-27 के तहत विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन काउंसिलिंग का सीट आवंटन परिणाम जारी कर दिया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि मेधा सूची के आधार पर उपलब्ध सीटों के सापेक्ष आवंटन सूची विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर lkouniv.ac.in अपलोड कर दी गई है। (संवाद)

NBT

31 तक होंगे LURN रजिस्ट्रेशन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2026-27 की केंद्रीयकृत स्नातक एवं परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय रजिस्ट्रेशन नंबर (LURN) के पंजीकरण की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 31 अगस्त तक LURN पंजीकरण करा सकेंगे। पहले इसकी अंतिम तारीख 15 अगस्त निर्धारित थी।

विश्वविद्यालय एवं उससे संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए LURN पंजीकरण अनिवार्य है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल का लिंक पंजीकरण के लिए उपलब्ध कराया गया है। अभ्यर्थियों को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीकरण करना होगा। एलयू के कॉलेज में अभी आधी से ज्यादा सीटें खाली हैं ऐसे में पंजीकरण बंद होने से किसी कॉलेज में भी दाखिले नहीं हो सकेंगे। कॉलेज की मांग पर विश्वविद्यालय की ओर से एलयूआरएन पंजीकरण का पोर्टल 15 दिन के लिए और खोल दिया है।

NBT

- कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड सोसायटी की ओर से फोटोग्राफी मास्टरक्लास, आर्ट्स कॉलेज, लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर, दोपहर 12:30 बजे।